विश्व पशुजन्य रोग दिवस 6 जुलाई–एक परिचर्चा का आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में आज विश्व पशु जन्य रोग दिवस के अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल की अध्यक्षता में किया गया। इस परिचर्चा में आम नागरिक मित्र फाउन्डेशन के डॉ. पी.जी. नाजपांडे, श्री रजत भार्गव, डॉ. एम.ए.खान, डॉ अनिल पचौरी एवं विश्वविद्यालय के डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. आर.व्ही.सिंह, डॉ. संजय शुक्ला ने भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय कुलपति ने कहा कि पूरा विश्व एक गांव के रूप में परिर्वतित हो गया है। एक दिन में एक व्यक्ति एक देश से दूसरे एवं दूसरे से तीसरे दश में भ्रमण करता है जिससे बीमारियों का फैलाव शीघ्रता से हो जाता है। पशुजन्य रोगों में सालमोनोसिस, लेप्टोस्पारोसिस, ब्रुसेलोसिस, बर्ड फलू, एच5 एन1, निपाह आदि ग्लेन्डर्स प्रमुख है।

आम नागरिक मित्र फाउन्डेशन के डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने माननीय कुलपति से अनुरोध किया कि विश्वविद्यालय में एक जूनोसिस विंग की स्थापना पशुपालन विभाग म.प्र. शासन एवं मेडिकल विश्वविद्यालय के समन्वय से स्थापित होने चाहिये जिससे नई नई पशुजन्य रोग बीमारियों, पुनः पुरानी बीमारियों का आगमन एवं उनकी रोकथाम एवं निदान के बारे में कार्य शुरू हो सके। माननीय कुलपति जी ने बताया कि शीघ्र ही इस सुझाव पर अमल किया जायेगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.
जबलपुर